# असम ओलंपिक संघ की त्रैमासिक पत्रिका 'स्पोर्ट्सज्योतिषपुर' के तृतीय संस्करण का लोकार्पण




**गुवाहाटी :'स्पोर्ट्सज्योतिषपुर' के तृतीय संस्करण का लोकार्पण के दौरान ( बाएं से ) असम ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष विष्णुराम नुनिसा, सांसद पल्लव लोचन दास, उपाध्यक्ष रितुबरण शर्मा, असम क्रिकेट संघ के सचिव देवजीत सैकिया, असम ओलंपिक संघ के सचिव लख्य कोंवर व प्रणय बरदलै**

**गुवाहाटी:** असम ओलंपिक संघ के त्रैमासिक पत्रिका 'स्पोर्ट्सज्योतिषपुर' के तृतीय संस्करण आज रविवार को असम ओलंपिक संघ के सभागार में लोकार्पण किया गया। असम सरकार के महाधिवक्ता तथा असम क्रिकेट संघ के सचिव देवजीत सैकिया ने पत्रिका का लोकार्पण किया। असम ओलंपिक संघ की मीडिया कमेटी के अध्यक्ष राजीव प्रकाश बरुवा के संपादन में प्रकाशित 'स्पोर्ट्सज्योतिपुर' के लोकार्पण कार्यक्रम में असम ओलंपिक संघ के सचिव लख्य कोंवर, लोकसभा के सांसद पल्लव लोचन दास, असम ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष रितुबरण शर्मा, कल्याण गोगोई, विष्णुराम नुनिसा, प्रणय बरदलै, जेहरूल हक के साथ अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# भारतीय ओलंपिक संघ की वार्षिक आमसभा और चुनाव के लिए असम ओलंपिक संघ की तैयारियां शुरू

▲ खेल संवाददाता

**गुवाहाटी, 19 नवंबर।** भारतीय ओलंपिक संघ की वार्षिक आमसभा और चुनाव आगामी 19 दिसंबर को पहली बार महानगर के श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र प्रांगण में आयोजित किए जा रहे हैं। इस सभा को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए असम ओलंपिक संघ ने अपनी ओर से तैयारियां शुरू कर दी है।



इस संदर्भ में शुक्रवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में असम ओलंपिक संघ के महासचिव लक्ष्य कुंवर ने कहा कि इस सभा में भारतीय ओलंपिक संघ के 200 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

श्री कुंवर ने बताया कि बैठक में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी की ओर से नीता अंबानी के साथ ही अंजू बॉबी जार्ज जैसे पूर्व स्टार खिलाड़ी भी भाग

में गुवाहाटी में शीर्ष खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होने के कारण बेंगलुरु, गुरुग्राम और नई दिल्ली जैसे शहरों को पीछे छोड़ते हुए गुवाहाटी को भारतीय ओलंपिक संघ की वार्षिक आमसभा और चुनाव के आयोजन कराने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि बाहर से आने वाले सभी प्रतिनिधियों को होटल नवटेल और विवांता में ठहराया जाएगा।

संघ के अध्यक्ष सर्वानंद सोनोवाल के निर्देशानुसार असम ओलंपिक संघ ने हेमंत कुमार कलिता के नेतृत्व में एक स्वागत समिति का गठन किया है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने गुवाहाटी में भारतीय ओलंपिक संघ की वार्षिक आमसभा और चुनाव आयोजित कराए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सरकार की ओर से सभी संभव सहयोग देने का

# आईओए की एजीएम बैठक के लिए समिति का गठन

- वार्षिक आम सभा में भाग लेंगी नीता अंबानी
- बैठक 19 दिसंबर को गुवाहाटी में



**गुवाहाटी:मीडिया को संबोधित करते असम ओलंपिक संघ के महासचिव लक्ष्य कोंवर। साथ में उपाध्यक्ष विष्णुराम नुनिसा व कोषाध्यक्ष तपन कुमार दास** फोटो कासं

**गुवाहाटी:**गुवाहाटी में 19 दिसंबर को होने वाली भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की वार्षिक आम सभा (एजीएम) की बैठक के लिए असम ओलंपिक संघ ने एक समिति का गठन किया है जिसका चेयरमैन होंगे हेमंत कुमार कलिता जबकि असम ओलंपिक संघ के महासचिव लक्ष्य कोंवर को संयोजक बनाया गया है। समिति में 10 सदस्य होंगे। आज यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में असम ओलंपिक संघ के महासचिव लक्ष्य कोंवर ने कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ से 200 प्रतिनिधि भाग लेंगे। वार्षिक आम सभा की बैठक 19 दिसंबर को सुबह 11 बजे श्रीमंत शंकर देव कलाक्षेत्र में होगी जिसमें नए पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। इस बैठक में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की ओर से नीता अंबानी, अजू बॉबी जॉर्ज समेत कई दिग्गज गुवाहाटी में उपस्थित रहेंगे। असम ओलंपिक संघ की ओर से महासचिव व कोषाध्यक्ष का दो वोट जबकि एक-एक हेमंत कलिता (बॉक्सिंग), नवाबुद्दीन अहमद (रोविंग) व बीरेंद्र प्रसाद वैश्य (भारोत्तलन) समेत फिलहाल पांच वोट है,जो आईओए की बैठक में प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। इस बार भारतीय ओलंपिक संघ में असम ओलंपिक संघ से पदाधिकारियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। फिलहाल असम से आईओए में बीरेंद्र प्रसाद वैश्य उपाध्यक्ष हैं। एजीएम की बैठक के एक दिन पूर्व यानी 18 दिसंबर को गुवाहाटी पहुंच जाएंगे अधिकारी। आईओए की ओर से जारी नामांकन पत्र के अनुसार नामांकन की समीक्षा छह दिसंबर को होगी। नामांकन दो से चार दिसंबर तक किए जा सकते हैं जबकि चुनाव में हिस्सा लेने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची आठ दिसंबर को सार्वजनिक की जाएगी। अधिसूचना के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के जरिए एक अध्यक्ष, दो वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नौ उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, छह संयुक्त सचिव और कार्यकारी परिषद के 10 सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। मौजूदा पदाधिकारियों का कार्यकाल दिसंबर में खत्म होगा और इसलिए नए पदाधिकारियों का चयन किया जा रहा है। नरिंदर बत्रा के आईओए अध्यक्ष पद पर दोबारा चुने जाने के लिए चुनौती पेश करने की उम्मीद है। खेल संहिता के तहत राजीव मेहता महासचिव के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए नहीं उतर सकते। उनका दूसरा कार्यकाल दिसंबर में खत्म हो रहा है।

# AOA constitutes committee to conduct smooth AGM of IOA

**Our Sports Reporter**

**GUWAHATI, Nov 19:** Assam Olympic Association (AOA) constituted an organizing committee with Secretary General of Boxing Federation of India Hemanta Kalita as its president to smoothly organize the forthcoming Annual General Meeting of the Indian Olympic Association (IOA). The meeting is scheduled to be held in the city on December 19.

It will be the second time that Guwahati will host the Annual General Meeting of the IOA. Earlier the meeting was held in the city during the 2007 National Games. However this time the meeting is special as the new office bearers of the association will be elected in it.

Talking to the media person today the secretary of the Assam Olympic Association Lakhya Konwar said, "It is a very big occasion for us. All the top sports officials of the country including Nita Ambani, the representatives of IOC and former International athlete Anju Bobby George, will visit the city to attend the meeting and Assam Olympic Association will try its best to provide all kinds of support to make it a grand success."

He added: "Already we have constituted an organizing committee to look after various matters. An office will also be set up at Assam Olympic Association office premises from December 1 to monitor different things related to this meeting."

Meanwhile Konwar along with the treasurer Tapan Das will represent Assam Olympic Association in the meeting. A few more sports organizers from the state will also be seen in the meeting and they will represent their respective National Body's.

However Assam Olympic Association today didn't make it clear whether any one from the Association will contest for any post in the meeting. "Let's see. There is plenty of time," said Konwar.

It may be mentioned here that the poll process will elect a president, two senior vice-presidents, nine vice-presidents, secretary general, treasurer, six joint secretaries and 10 executive council members. Incumbent Narinder Batra is expected to seek re-election for the post of IOA president for another four-year term and it is learnt that he may retain the post without contest.

# AOA felicitates Assam sports organisers elected to NSF

**HT Bureau**

**GUWAHATI, Oct 5:** The Assam Olympic Association has felicitated several sports organisers from Assam who were recently elected to various posts of the National Sports Federation at a programme held at the AOA conference hall on Tuesday. Assam Weightlifting Association secretary Bhabajyoti Goswami, who was elected as the vice president of India Weightlifting Federation, Assam Tennis Association secretary Ankush Dutta elected as executive member of the All India Tennis Association, Assam Fencing Association secretary Vipul Sharma elected as the executive member of the Fencing Association of India and Assam Netball Association secretary Birju Ram elected as the associate secretary of the Indian Netball Federation were felicitated in the programme. The event was presided over by senior vice president of AOA Rituvarun Sharma.



Speaking at the event, Assam Olympic Association secretary Lakhya Konwar said that Assam's influence in the national context has increased to a great extent.

"This is possible only because of the efforts of the athletes and sports organisers," he pointed out. Assam Olympic Association Vice President Bishnu Ram Nunisa, who recently received a doctorate degree for his contribution to sports and society, was also felicitated at the event. AOA treasurer Tapan Das, Vice President Rajiv Prakash Baruah, Anup Chaudhary, Pranay Bordoloi and Boxing Federation of India Secretary Hemant Kumar Kalita were present at the felicitation ceremony. The persons selected in various posts of National Sports Federation as well as Bishnu Ram Nunisa were felicitated by Assam Archery Association and Tangsu Do Association Assam. The Kamrup District Weightlifting Association also felicitated Bhabajyoti Goswami.

# असम ओलंपिक संघ ने राष्ट्रीय स्तर पर चुने गए राज्य के खेल संगठकों का अभिनंदन किया

**गुवाहाटी, 5 अक्टूबर (खे.सं)।** असम ओलंपिक संघ के तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम में हाल ही में राष्ट्रीय खेल संगठन के विभिन्न पदों पर चुने गए राज्य के कई खेल संगठकों का अभिनंदन किया गया। असम ओलंपिक संघ के सभाकक्ष में आयोजित उक्त कार्यक्रम में भारतीय भारोत्तोलन फेडरेशन के उपाध्यक्ष चुने गए असम भारोत्तोलन संघ के सचिव भवज्योति गोस्वामी का अभिनंदन किया गया।

इसी कड़ी में अखिल भारतीय टेनिस संघ के कार्यकारिणी सदस्य चुने गए असम टेनिस संघ के सचिव अंकुर दत्त, भारतीय तीरंदाजी संघ के कार्यकारिणी सदस्य चुने गए असम फैंसिंग संघ के सचिव विपुल शर्मा और भारतीय नेटबॉल फेडरेशन के सहायक सचिव चुने गए असम नेटबॉल संघ के सचिव बिरजू राम का अभिनंदन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता ओलंपिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऋतुवरण शर्मा ने की। असम ओलंपिक संघ के महासचिव लक्ष्य कुंवर ने कार्यक्रम का संचालन



करते हुए कहा कि विगत दिनों राष्ट्रीय पटल पर असम का प्रभाव दृष्टिगोचर हुआ है। उन्होंने इसे खिलाड़ी और खेल संगठकों की कड़ी मेहनत का नतीजा बताया। इस कार्यक्रम में असम ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष तपन दास, उपाध्यक्ष राजीव प्रकाश बरुवा, अनूप चौधरी, प्रणय बरदलै, भारतीय मुक्केबाज महासंघ के सचिव हेमंत कुमार कलिता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।







ुवाहाटी: असम ओलंपिक संघ के महासचिव लख्य कोंवर व कोषाध्यक्ष तपन कुमार दास ने राष्ट्रीय खेल संघों में अपने नवनिर्वाचित अधिकारियों को सम्मानित किया। पहला फोटो ें भारतीय भारोत्तोलन संघ के नए उपाध्यक्ष भबज्योति गोस्वामी,दूसरे फोटो में 'मानद डॉक्टरेट' से सम्मान पाने वाले विष्णुराम नुनिसा व तीसरे फोटो में फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ ंडिया के कार्यकारी सदस्य के रूप में चुने गए बिपुल शर्मा। इनके अलावा अखिल असम टेबल टेनिल संघ के महासचिव अंकुश दत्त को सम्मानित किया गया। दत्त अखिल भारतीय ेनिस संघ के कार्यकारी सदस्य के रूप में चुने गए



गुवाहाटी:मीडिया को संबोधित करते असम ओलंपिक संघ के महासचिव लक्ष्य कोंवर। साथ में भारतीय बॉक्सिंग महासंघ व असम अमेच्योर बॉक्सिंग संघ के महासचिव हेमंत कुमार कलिता ( दाएं ) व असम ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष विष्णुराम नुनिसा

फोटो कासं

# AOA hails athletes

**SPORTS REPORTER**

GUWAHATI, Aug 8: The Assam Olympic Association (AOA) today congratulated the Indian medal winners and participating athletes at the Tokyo Olympics.

In a press conference, AOA general secretary Lakhya Konwar hailed Assam's boxer Lovlina Borgohain for scripting history by clinching the first Olympic medal for the State.

"Congratulations and gratitude to Lovlina and wishing her all the best for the days to come," said Konwar.

Konwar also thanked Lovlina's family, coaches, the Assam Amateur Boxing Association (AABA) and the Boxing Federation of India (BFI) for her success.

"We thank the State government for its support to the Olympic medal-winning boxer on various occasions," he said.

Konwar said the ambitious scheme 'Target Olympic Podium Scheme' which was launched in 2014 under the initiative of Prime Minister Narendra Modi and then union sports minister Sarbananda Sonowal, has helped immensely in nurturing sporting talents.

## टोक्यो ओलंपिक में भारतीय एथलीटों की सफलता

# पारदर्शी योजनाएं एवं प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन के कारण : एओए



▲ खेल संवाददाता

**गुवाहाटी, 8 अगस्त।** ओलंपिक के इतिहास में पहली बार भारतीय खिलाड़ियों ने सर्वाधिक पदक जीते हैं। जहां 2012 के लंदन ओलंपिक में भारत ने छह पदक जीते, वहीं 2020 के टोक्यो ओलंपिक में भारतीय एथलीटों ने सात पदक जीते हैं। असम ओलंपिक संघ (एओए) के महासचिव लक्ष्य कुंवर ने नेहरु स्टेडियम स्थिति संघ के कांफ्रेंस हाल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान पदक विजेता खिलाड़ियों के अलावा भारतीय ओलंपिक टीम के सभी एथलीटों को शुभकामनाएं दी। वहीं, असम के इतिहास में पहला ओलंपिक पदक लाने वाली असम गौरव लवलीना बरगोहाईं को शुभकामना देते हुए श्री कुंवर ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लवलीना की सफलता के लिए उनके परिवार, प्रशिक्षक विशेष रूप से असम एम्येचर बॉक्सिंग संघ और भारतीय बॉक्सिंग फेडरेशन के प्रति आभार प्रकट किया। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना को विभिन्न समय पर असम सरकार द्वारा की गई सहायता के लिए ओलंपिक परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापन किया ।

श्री कुंवर ने कहा कि भारतीय एथलीटों की सफलता के पीछे भारतीय ओलंपिक संघ की पारदर्शी योजना तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व रहा है। क्योंकि 2014 के सितंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार तत्कालीन केंद्रीय खेल मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने 'टार्गेट ओलंपिक पोडियम' नामक एक दूरदर्शी परियोजना प्रस्तुत किया था। उक्त परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए वर्तमान खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में एक समिति गठन किया गया था। समिति में कई प्रख्यात खिलाड़ियों को भी स्थान दिया गया । जिसका उद्देश्य 2020 के ओलंपिक में दस पदक के लक्ष्य को हासिल करना था। उक्त योजना के अधीन संभावनापूर्ण प्रतिभावान खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया, जो स्वाधीन भारत के लिए अभी तक सिर्फ एक सपना था। इस उपलब्धि के लिए असम ओलंपिक संघ ने केंद्रीय सरकार के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर श्री कुंवर ने कहा कि खेल के प्रति राज्य के गौरवमय इतिहास के पुनरोद्धार के लिए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा की पहल सराहनीय है। असम ओलंपिक संघ मुख्यमंत्री के प्रति आभारी है। चालू विधानसभा अधिवेशन के दौरान खिलाड़ियों के प्रति मुख्यमंत्री की घोषणाएं खेल प्रतिभा को अधिक प्रोत्साहित करेगी। कुछ दिन पहले खेल के ढांचागत विकास के लिए मुख्यमंत्री की उपस्थिति में नाबार्ड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर हुआ , जो राज्य के खेल क्षेत्र में एक ऐतिहासिक परिवर्तन लाएगा। चालू वर्ष की बजट में राज्य सरकार ने ग्राम ओलंपिक योजना के क्रियान्वयन पर विशेष महत्व दिया है। राज्य के ग्राम्यांचलों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को मार्गदर्शन करने की यह योजना काफी सराहनीय है। इस मौके पर असम ओलंपिक संघ के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे ।

Barring the Indian shooters and tennis players -- who let the country down big time and created an atmosphere of dismay and dejection -- every other athlete who donned the Indian jersey was a winner, led the world's top golfers till the last shot, before missing out on a bronze medal by just one stroke.

The women's hockey team, led by Rani Rampal, fought tooth and nail before losing 3-4 to Great

... Uzbekistan before bowing out with head held high in the super-heavyweight category.

There were several such heroic tales over the last fortnight which caught the

... Chanu provided the silver lining on a day when some of the most talented shooters, including pistol marksman Saurabh Chaudhary and rifle ace Elavenil Valarivan, flattered to deceive

## AOA congratulates medal winners

**Our Sports Reporter**
**GUWAHATI, Aug 8:** Assam Olympic Association congratulated every medal winner including Assam girl Lovlina Borgohain in Tokyo Olympics which concluded on Sunday. The secretary of the Assam Olympic Association Lakhya Konwar said this time India made the best ever performance in the history of the Games by winning seven medals and it's a very proud moment for India.

"Congratulations to every medal winner as well as all the athletes and functionaries of the Indian team for producing such a fantastic performance. Earlier our best show was in the London Olympics where we won six medals. The record is broken in Tokyo. We are very glad," said Konwar.

He felt the present success of India in the Olympics was the result of Target Olympic Podium (TOP) scheme. The scheme, aimed to win 10 medals at the 2020 Olympics, was introduced by the Modi Government in 2014 and under this scheme potential players received expensive world class training.

It may be mentioned here that former Union Sports Minister Sarbananda Sonowal played a key role in implementing the scheme in a proper way.

AOA also thanked Chief Minister Himanta Biswa Sarma for taking steps to boost the sports circles in the State.




*Assam shuttler Ayan Rashid and his partner Tasnim Mir won bronze medal in the Mixed Doubles event in Apacs Bulgarian Jr Open International Badminton Championship which concluded in Bulgaria on Saturday. Tasmin also bagged gold medal in the women singles.*

## Tokyo showing will bring about a positive change in golf: Lahiri

The Sentinel
*of this land, for its people*

# AOA felicitates Lovlina with cash award

**Our Sports Reporter**
**GUWAHATI, Aug 13:** Assam Olympic Association gave a grand felicitation to boxer Lovlina Borgohain for her medal winning performance in Tokyo. The boxer was awarded Rs three lakh along with *gamocha*, a memento and a citation in the function.

Addressing the gathering the secretary of the Assam Olympic Association Lakhya Konwar congratulated Lovlina for winning bronze medal in welterweight category. He also expressed hope that the boxer would be able to continue her good show in the coming days.

Lovlina, who arrived yesterday, left the city this morning to attend a function in New Delhi on the Independence Day. She will return a couple of days later to reunite with her family. Apart from the Assam Olympic Association several other state and district level sports organizations today felicitated Lovlina in the same function.




Later participating in an interaction progrmme with local media the boxer said, she would meet with a group of local kids with her Olympics medal soon and would also allow them to touch her medal.

"During my early days I always tried to same thing when a senior player won medal from a major championship. It was a kind of inspiration for me. I too want to do the same thing. I feel local kids too will inspire and start to perform in their respective field," said the Arjuna awardee.

Lovlina, who loves to listen music during leisure time, today advocated introducing sports as a compulsory subject in schools. The boxer said, "Sports should be introduced as a compulsory subject in school. If we do that I can assure you that State would produce several champion athletes within next ten years."

Apart from the officials of the Assam Olympic Association the function was also attended by Sports Minister Bimal Borah and MLA of Sarupathar Biswajit Phukan. Borah today handed over four cheques of Rs 10 lakh each to Lovlina for her four former and present coaches. Chief Minister Himanta Biswa Sarma yesterday announced these cash incentives for the coaches.

When asked whether medal in Tokyo had brought any change in her the boxer replied negative. "I have remained same as I was before Tokyo Olympics. I always like to stay simple and would remain forever," said the first medal winner from Assam in Olympic.

She also advised the young generation to do whatever they love. "If someone continues to work in the field that she loves I belief one day she will earn success," told the 23 year old boxer.

Meanwhile the secretary of the Assam Amateur Boxing Association Hemanta Kalita today announced that association would organize a function soon in Guwahati so that Lovlina could fulfill her wish to meet the young kids with her Olympic medal.

Guwahati English Edition
Aug 14, 2021 Page No. 16

# पदक जीतना है तो खेल पर विषय होना चाहिए : लवलीना

**युवा पीढ़ी को खेल से जुड़ने की अपील की**




**असम ओलंपिक संघ की ओर लवलीना बरगोहाईं को सम्मानित करते संघ के उपाध्यक्ष विष्णु राम नुनिसा ( दाएं )। साथ में संघ के अन्य पदाधिकारी** फोटो कार्स

**गुवाहाटी :** असम अमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग तथा असम ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बरगोहाईं ने कहा कि देश को अगर पदक चाहिए तो खेल विज्ञान जरूरी है। लवलीना ने कहा कि भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है,हमारे यहां के खिलाड़ी विदेशी खिलाड़ियों की तुलना में काफी अधिक शक्तिशाली हैं,लेकिन खेल विज्ञान की कमी के कारण यहां के खिलाड़ी पदक से चूक जाते हैं। इसलिए यहां के स्कूलों में खेल पर कोई विषय होना चाहिए। इससे बच्चे को किस खेल में रुचि है,तुरंत पता चल जाता है। फिर बच्चे को उसी खेल में शामिल कर देना चाहिए। विदेशों में पहले से ही है। यही कारण है कि वह हमसे आगे है। लवलीना का अगला मिशन 2024 में पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य के साथ देश का नाम रोशन करना है। लवलीना को यहां तक पहुंचने में काफी संघर्ष करना पड़ा। लवलीना ने कहा कि खेल पर ध्यान देने के लिए कुछ सालों तक छुट्टी नहीं ली। मनपसंद भोजन नहीं किया। मुक्केबाज ने कहा कि हर एक खेल में दबाव रहता है। हालांकि तोक्यो ओलंपिक में दबाव में नहीं रही। हर एक नॉक आउट प्रतियोगिता में दबाव में रहना सही नहीं है। इसीलिए तोक्यो में मैं बिल्कुल फ्री होकर खेली। उन्होंने आनेवाली युवा पीढ़ी को खेल से जुड़ने की अपील की। उन्होंने खासकर लड़कियों से कहा कि आप भी आगे जा सकती हैं, बशर्ते कोई दबाव न लें। लवलीना ने सरकार और खेल आयोजकों से अनुरोध करते हुए कहा कि वह असम में एक कार्यक्रम आयोजित करना चाहती है, जहां युवा उनके ओलंपिक पदक को छू सकें और महसूस कर सकें और इससे प्रेरित हो सकें। असम ओलंपिक संघ के महासचिव लख्य कोंवर की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में असम ओलंपिक संघ की ओर से लवलीना को तीन लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्वशर्मा की ओर से मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव देब कुमार मिश्रा ने समारोह में ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना के कोचों के लिए दस लाख रुपए के चेक सौंपे। समारोह में सरूपथार के विधायक विश्वजीत फुकन, भारतीय मुक्केबाजी महासंघ व असम अमेच्योर बॉक्सिंग के महासचिव हेमंत कुमार कलिता, असम ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष विष्णु राम नुनिसा,खेल आयुक्त और असम सरकार के खेल और युवा कल्याण विभाग के निदेशक के अलावा कई खेल संगठनों के अधिकारी उपस्थित थे। (खेसं)

in the 2012 London Olympics. He also served as the head the Head Coach of the Indian Senior Women's National in coordination with Dennerby.

# AOA felicitate iron girl Lovlina Borgohain

**CHRONICLE NEWS SERVICE**

**GUWAHATI:** Assam Olympic Association (AOA) in association with Assam Amateur Boxing Association (AABA) felicitated Olympic bronze medallist Lovlina Borgohain on Friday.

Joining Assam sports minister Bimal Bora in feting the boxer was AOA general secretary Lakhya Konwar. A cheque of Rs 3 lakh was handed over by the AOA along with a citation, traditional gamosa, jaapi and a xorai. Konwar said, "May this successful journey of Lovlina be the best in the coming days and wish her all the best for the future." Principal Secretary to CM, Deba Kumar Mishra, on behalf of Chief Minister Dr. Himanta Biswa Sarma, handed over the cheques of Rs 10 lakh each to Lovlina's five coaches during the ceremony. The function was attended by Biswajit Phukan, MLA, Sarupathar, Hemanta Kumar Kalita, Secretary General, Boxing Federation of India, among others. Many state sports associations also felicitated the boxer.



**Assam Olympic Association felicitates Lovlina Borgohain.**



गुवाहाटी के एक सम्मान कार्यक्रम में पिता के गले मिलकर भावुक हुईं असम की ओलंपिक स्टार लवलीना बरगोहाईं

# विस उपाध्यक्ष डॉ. नोमल मोमिन भारत युवा पुस्कार से सम्मानित

गुवाहाटी : असम विधानसभा के उपाध्यक्ष तथा कार्बी आंग्लांग जिले के बोकाजान विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक चुने गए डॉ. नोमल मोमिन को भारत गौरव अवार्ड फाउंडेशन ने बुधवार को दिल्ली में भारत युवा पुरस्कार से सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि फाउंडेशन प्रतिवर्ष देश के विभिन्न प्रांतों के आयोजक ■ शेष पृष्ठ 11 पर

ड़ि जडेजा 4-1-6-01

# खेल को पाठ्यक्रमों में शामिल किए जाने की जरूरत : लवलीना



गुवाहाटी, 13 अगस्त (खे.सं.)। टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता असम की मुक्केबाज लवलीना बरगोहाईं ने पाठ्यक्रमों में खेल को विषय के रूप में शामिल किए जाने की जरूरत बताते हुए कहा कि हमारे देश की यह एक गंभीर समस्या है कि शिक्षा में खेल के लिए कोई खास स्थान नहीं है। लवलीना ने गुवाहाटी की पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमारे देश में भी अच्छी खिलाड़ी हैं, लेकिन अभिभावक उनको प्रोत्साहित करने से डरते हैं। अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए खेल में कोई बेहतर भविष्य नहीं दिखता। उसने कहा कि पाठ्यक्रमों में खेल को शामिल किया जाता है तो अगले दस साल बाद हमारे देश में भी पदक जीतने वालों की होड़ लग जाएगी। असम ओलंपिक संघ के तत्वावधान और असम मुक्केबाजी संघ के सहयोग से आयोजित 'अभिनंदन सह प्रेस से मिलिए' में उन्होंने खुलकर संवाददाताओं के सवालों के जवाब दिए।

लवलीना ने खेल पर और अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत को रेखांकित करते हुए कहा कि गांवों में छिपी बैठी खेल प्रतिभाएं निकलकर तो सामने आ जाएगी, लेकिन उनको खेल के बारे में सिखाएगा कौन। इसीलिए पाठ्यक्रम में खेल को शामिल किया जाना चाहिए ताकि बच्चे समय रहते ही खेल से जुड़ी बारीकियां सिख सकें। एक अन्य सवाल के जवाब में उसने कहा कि अपनी अगली असम यात्रा के दौरान वह राज्य भर के बच्चों से मिलना चाहती हैं। वह चाहती हैं कि बच्चे उसके मेडल को छुकर देखें ताकि उनकी आंखों में भी मेडल जीतने का सपना जन्म ले सके। यह भावना बच्चों को खेल में शानदार प्रदर्शन करने को प्रेरित कर सकता है।

अपनी अगली तैयारी के बारे में पूछे जाने पर उसने कहा कि वह अभी से ही नए सिरे से तैयारी करना चाहती है और पेरिस ओलंपिक में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रखना चाहती। देश चाहता है कि वह ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीते, मैं इसे जरूर पूरा करूंगी। ओलंपिक के सभी मुकाबलों को बेहद कठिन व रोमांचक बताते हुए लवलीना ने कहा कि ऐसे मुकाबलों में उतरने वाला हर एक खिलाड़ी पूरी तरह से प्रशिक्षित होता है, लिहाजा किसी भी मुकाबले को हल्के से नहीं लिया जा सकता।

इस कार्यक्रम में खेल मंत्री बिमल बोरा ने लवलीना के प्रशिक्षकों के लिए 10-10 लाख रुपए के चेक सौंपे और सभी से लवलीना का इसी प्रकार से समर्थन करते रहने की अपील की। कार्यक्रम में असम ओलंपिक संघ के महासचिव लक्ष्य कुंवर और असम मुक्केबाजी संघ के महासचिव हेमंत कुमार कलिता ने भी संबोधित किया। इस मौके पर असम ओलंपिक संघ की ओर से लवलीना को तीन लाख रुपए का चेक भी प्रदान किया। इसके अलावा विभिन्न व्यक्ति-संगठनों ने असम की मुक्केबाज बेटी का परंपरागत तरीके से अभिनंदन किया।

... से लिया संन्यास



Tokyo Olympic bronze medallist boxer Lovlina Borgohain with her father Tiken Borgohain during a felicitation programme in Guwahati on Friday. – AT photo

# Felicitation programme held

GUWAHATI, Aug 13: The Assam Olympic Association (AOA) in association with Assam Amateur Boxing Association (AABA) on Friday organised a felicitation programme to honour Olympic medallist Lovlina Borgohain.

Assam sports minister Bimal Borah, AOA general secretary Lakhya Konwar, State sports associations, district sports associations and other members of greater sports fraternity of Assam felicitated the pugilist.

AOA presented Rs 3 lakh to Lovlina. On behalf of the Chief Minister of Assam Himanta Biswa Sarma, principal secretary to CM Deba Kumar Mishra handed over the cheques of Lovlina's coaches to the Olympic medal winning boxer in the ceremony. The meeting was attended by Sarupathar MLA Biswajit Phukan and Boxing Federation of India (BFI) secretary Hemanta Kumar Kalita, among others. – Sports Reporter

# असम ओलंपिक संघ ने सर्वानंद सोनोवाल का अभिनंदन किया

खेल संवाददाता

**गुवाहाटी, 21 अगस्त।** असम ओलंपिक संघ के अध्यक्ष तथा केंद्रीय बंदरगाह, जहाज, जलमार्ग एवं आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल के शनिवार को असम पहुंचने पर असम ओलंपिक संघ की ओर से उनका अभिनंदन किया गया। मालूम हो कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद श्री सोनोवाल का यह पहला असम दौरा है।



ताज विवांता में आयोजित उक्त स्वागत समारोह में अर्जुन पुरस्कार विजेता भोगेश्वर बरुवा, मोनालिशा बरुवा मेहता, भारतीय ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष तथा राज्यसभा सांसद भुवनेश्वर कलिता, पेट्रोलियम विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री रामेश्वर तेली, राज्यसभा सांसद वजयंत जय पांडा, राज्य के खेल मंत्री बिमल बोरा, जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका, असम प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भवेश कलिता, विधायक तरंग गोगोई, रमेंद्र नारायण कलिता, रूपक शर्मा, खेल विभाग के आयुक्त सचिव मलय बोरा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निदेशक पवित्रराम खाउंड, मेघालय ओलंपिक संघ के सचिव चिरंजीव चौधरी, अरुणाचल प्रदेश ऑलंपिक संघ के सचिव बेमांग डागो उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन असम ओलंपिक संघ के सचिव लक्ष्य कुंवर ने किया। इस मौके पर अन्य कई खेल संगठनों ने भी श्री सोनोवाल का स्वागत किया।



**गुवाहाटी:असम ओलंपिक संघ ने केंद्रीय मंत्री और असम ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सर्वानंद सोनोवाल को एक सम्मान समारोह में सम्मानित किया**

THE SENTINEL SUNDAY 22 AUGUST 2021 GUWAHATI

# AOA, sports associations felicitate Sonowal



Assam Olympic Association Ceremonial felicitation to former Assam Chief Minister and Union Minister of Ports, Shipping & Waterways and AYUSH Sarbananda Sonowal at Taj Vivanta Hotel in Guwahati on Saturday. (UB Photos)

**Our Sports Reporter**
**GUWAHATI, Aug 21**: Assam Olympic Association felicitated Union Minister for Ports, Shipping & Waterways and AYUSH Sarbananda Sonowal in a function held in a city hotel here today. It was the maiden visit for Sonowal after he was inducted in Modi's cabinet.

Several Ministers from the Union and State Government along with two legends in Indian sports Bhogeswar Baruah and Monalisa Barua Mehta were present in the function.

Addressing the gathering Bhogeswar Baruah said, "Sonowal took the initiative to make Guwahati as the sports capital of India. Hope we will reach that goal very soon."

Former paddler Monalisa Barua also spoke a few words. She said, "Lovlina Borgohain recently brought a medal from the Olympics and it indicates that the sports scenario in Assam has started to change towards a positive direction. I hope Assam will soon become a very important sports hub in the country."

Sonowal, who is also the president of the Assam Olympic Association, was felicitated in the function with *gamocha*, *japi* and citation. Several State and District level Sports Associations also took this opportunity to felicitate the minister in the same function.

Later addressing the gathering Sonowal said, "Sports plays a vital role to develop talent. Parents must encourage their children to associate with sports."

Among other presents in today's function included Rameswar Teli, Minister of State for Petroleum & Natural Gas, MP and Vice President of Indian Olympic Association Bhubaneswar Kalita, Sports and Youth Welfare Minister Bimal Borah, Information and Public Relation Minister Pijush Hazarika, Bhabesh Kalita, MLA and president of Assam BJP, the secretary of the Assam Olympic Association Lakhya Konwar and others.

| | |
|---|---|
| Interes the Projec Assam to AM in th Campus, | |
| SL No. | Nam |
| 1 | Pro Ma (G |
| 2 | |
| 3 | |

Barthy in Cincinnati semis




ाहाटी : असम की महिला मुक्केबाज लवलीना बरगोहाईं टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व रने जा रही है। भारतीय खिलाड़ियों का उत्हास बढ़ाने के लिए खेल और युवा कल्याण मंत्री बिमल बोरा नेहरू स्टेडियम में मंगलवार को एक सेल्फी पॉइंट का उदघाटन किया। इस मौके पर खेल निदेशक पवित्रा म खाउंड, असम ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष विष्णु राम नुनिसा, असम ओलंपिक संघ के सदस्यगण तथा ल निदेशालय के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।




गुवाहाटी: तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाली असम की मुक्केबाज लवलीना बरगोहाई के लिए नगर के नेहरू स्टेडियम में एक सेल्फी प्वॉइंट का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान खेल और युवा कल्याण मंत्री बिमल बोरा, खेल निदेशक पवित्र राम खाउंड, एओए के उपाध्यक्ष विष्णु राम नुनिसा व एओए सदस्य उपस्थित थे

# Assam sports minister inaugurates selfie points in Guwahati

**HT Correspondent**

**GUWAHATI, July 6:** Assam sports minister Bimal Borah on Tuesday inaugurated two selfie points in Guwahati as a support to the Indian players who will be participating in the Tokyo Olympics 2020.

Speaking on the occasion, the minister urged all to take selfies in the points and support the Indian players.

Borah also wished Ace boxer Lovlina Borgohain for qualifying for the upcoming event.

"Took a selfie at the selfie point at Dighalipukhuri, Guwahati to show my support to the Indian contingent bound for @Tokyo 2020. Show your support by clicking selfies at the nearest selfie point. I #Cheer4India, do you?" the sports minister tweeted.

Borah further Tweeted, "Boxing ace @LovlinaBorgohai qualifying for #Tokyo2020 is a matter of immense pride & joy for Assam."






गुवाहाटी:सिंह पुरुष राधा गोविंद बरुवा की 44 वीं पुण्यतिथि के मौके पर असम ओलंपिक संघ व गुवाहाटी स्पोर्ट्स संघ ने श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया



गुवाहाटी: सरुसजाई स्टेडियम में 41 वीं अखिल असम अंतर जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते खेल और युवा कल्याण,असम सरकार के निदेशक धर्मकांत मिली। साथ में संयुक्त निदेशक पार्थ पेगु,असम अमेच्योर बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष कालीकांत बोड़ो,महासचिव हेमंत कलिता,असम ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष विष्णुराम नुनिसा व प्राग चैनल के प्रबंध निदेशक संजीव नारायण

# Inter District Sepak Takraw c'ship to start from Feb 4

**CHRONICLE NEWS SERVICE**

**GUWAHATI:** The 14th edition of Nirmal Nunisa and Jogendra Narayan Gayan Memorial Inter District Sepak Takraw Championship will be held at the Deshbhakta Tarun Ram Phookan Indoor Stadium, RG Baruah Sports Complex, Nehru Stadium on February 4 and 5, 2021.

More than 15 teams including Assam Police will participate in the competition which is being organised by Assam Sepak Takraw Association (ASTA).

Covid test is mandatory for the participants and the organiser has asked the participants to arrive at the venue on February 3.

press release.

# ID sepak takraw

SPORTS REPORTER

GUWAHATI, Feb 2: The 14th Nirmal Nunisa and Jogendra Narayan Gayan Inter District Sepak Takraw Championship will be held at the Deshbhakta Tarun Ram Phookan Indoor Stadium on February 4 and 5. Around 15 teams from the different parts of the State will take part in the 2-day Championship.

# गुवाहाटी में जिला स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता शुरू

▲ खेल संवाददाता

**गुवाहाटी, 4 फरवरी।** गुवाहाटी स्थित टीआर फुकन इंडोर स्टेडियम में वृहस्पतिवार को दो दिवसीय निर्मल नूनिसा एवं योगेंद्र नारायण गायन स्मृति जिला स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में असम पुलिस के साथ ही राज्य की कुल 11 टीमों के 200 राज्य व राष्ट्रस्तरीय खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन गुवाहाटी के पुलिस कमिश्नर मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष भास्कर जे गोगोई, उपाध्यक्ष राजीव प्रकाश बरुवा, महासचिव विष्णुराम नूनिसा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। पुरुष और महिला की सीनियर वर्ग में आज संपन्न पुरुषों के विभिन्न मैचों में डिब्रूगढ़ ने लखीमपुर को 2-0, कछार ने कार्बी आंग्लोंग को 2-0, शिवसागर ने कामरूप को 2-0, कछार ने असम पुलिस को 2-0, डिब्रूगढ़ ने हाइलाकांदी को 2-1 और पश्चिम कार्बी आंग्लोंग ने शिवसागर को 2-0 सेट से हराया। वहीं महिला वर्ग में हाइलाकांदी ने कछार को 2-1, डिब्रूगढ़ ने कामरूप को 2-1, कछार ने डिब्रूगढ़ को 2-0, और हाइलाकांदी ने कामरूप को 2-0 सेट से पराजित किया।



लिए सभी कर्मचारी और सभी खिलाड़ी श्रेय के हकदार हैं।      पर आंच नहीं आई।

# जिला स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता

## पुरुष-महिला दोनों वर्गों में कछार ने मारी बाजी

▲ **खेल संवाददाता**

**गुवाहाटी, 6 फरवरी।** गुवाहाटी स्थित टीआर फुकन इंडोर स्टेडियम में गत शुक्रवार को दो दिवसीय निर्मल नूनिसा एवं योगेंद्र नारायण गायन स्मृति जिला स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में असम पुलिस के साथ ही राज्य की कुल 11 टीमों के 200 राज्य व राष्ट्र स्तरीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता की पुरुष-महिला एकल और युगल वर्ग में डिब्रूगढ़ जिले के खिलाड़ियों को हराकर कछार जिले के खिलाड़ी चैंपियन बने। प्रतियोगिता के श्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब पुरुष वर्ग में कछार के सा उलील, महिला वर्ग में भी कछार की प्रिया देवी को मिला। इसके अलावा शिवसागर के पवित्र नेउग व डिब्रूगढ़ की डिंपी गोगोई को प्रतिभावान खिलाड़ी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।




प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर असम पुलिस के एडीजीपी डॉ. एलआर विश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अलावा आयोजन समिति के सलाहकार सेवानिवृत्त स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. ध्रुव होजाई, भारतीय सेपक टकरा फेडरेशन के कार्यकारी निदेशक एल उपेंद्र सिंह, आयोजन समिति के सलाहकार प्रणय बरदलै, अध्यक्ष भास्कर जे गोगोई, उपाध्यक्ष राजीव प्रकाश बरुवा, महासचिव विष्णुराम नूनिसा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

लिए सभी कर्मचारी और सभी खिलाड़ी श्रेय के हकदार हैं। पर आंच नहीं आई।

# जिला स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता

## पुरुष-महिला दोनों वर्गों में कछार ने मारी बाजी

▲ **खेल संवाददाता**

**गुवाहाटी, 6 फरवरी।** गुवाहाटी स्थित टीआर फुकन इंडोर स्टेडियम में गत शुक्रवार को दो दिवसीय निर्मल नूनिसा एवं योगेंद्र नारायण गायन स्मृति जिला स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में असम पुलिस के साथ ही राज्य की कुल 11 टीमों के 200 राज्य व राष्ट्र स्तरीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता की पुरुष-महिला एकल और युगल वर्ग में डिब्रूगढ़ जिले के खिलाड़ियों को हराकर कछार जिले के खिलाड़ी चैंपियन बने। प्रतियोगिता के श्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब पुरुष वर्ग में कछार के सा उलील, महिला वर्ग में भी कछार की प्रिया देवी को मिला। इसके अलावा शिवसागर के पवित्र नेउग व डिब्रूगढ़ की डिंपी गोगोई को प्रतिभावान खिलाड़ी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।




प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर असम पुलिस के एडीजीपी डॉ. एलआर विश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अलावा आयोजन समिति के सलाहकार सेवानिवृत्त स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. ध्रुव होजाई, भारतीय सेपक टकरा फेडरेशन के कार्यकारी निदेशक एल उपेंद्र सिंह, आयोजन समिति के सलाहकार प्रणय बरदलै, अध्यक्ष भास्कर जे गोगोई, उपाध्यक्ष राजीव प्रकाश बरुवा, महासचिव विष्णुराम नूनिसा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# Cachar lift sepak takraw titles

SPORTS REPORTER

GUWAHATI, Feb 6: The Cachar district men's and women's team annexed the 14th Inter District Sepak Takraw Tournament title in memory of Nirmal Nunisa and Jogendra Gayan late on Friday evening at the Deshbhakta Tarun Ram Phookan Indoor Stadium in RG Baruah Sports Complex here.

Both the teams defeated their Dibrugarh counterparts to lift the champions' trophy.

Dr LR Bishnoi, ADGP (Admin), Assam Police, was present as the chief guest during the closing ceremony in the presence of Dr Dhruba Hojai, adviser, organising committee; L Upendra Singh, technical director, Sepak Takraw Federation of India; Pranay Bordoloi, adviser, organising committee; Rajib Prakash Baruah, vice president, Assam Sepak Takraw Association (ASTA); Bishnu Ram Nunisa, secretary, ASTA, among others.

# दोनों वर्गों में कछार जिला को मिला खिताब




**गुवाहाटी: पहली बार भाग ले रही असम पुलिस टीम को लड़कों के वर्ग में तीसरा स्थान मिला। एडीजीपी डा.एलआर बिश्नोई के साथ असम सेपक टकरॉ एसोसिएशन के महासचिव विष्णुराम नुनिसा व आयोजक कमेटी के अध्यक्ष भाष्कर ज्योति गोगोई**

**गुवाहाटी:** असम सेपक टकरॉ एसोसिएशन के तत्वावधान में देशभक्त तरुण राम फूकन इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय स्वर्गीय निर्मल नुनिसा व स्वर्गीय जोगेंद्र नारायण गायन के स्मृति में 14वीं अंतरजिला सेपक टकरॉ चैंपियनशिप बीती रात संपन्न हो गया। चैंपियनशिप में कछार जिला पुरुष व महिला रेगु व युगल दोनों वर्गों में मिला खिताब। रेगु पुरुष के फाइनल में कछार जिला ने डिब्रूगढ़ जिला को 21-14, 21-9, जबकि रेगु महिला में कछार जिला ने डिब्रूगढ़ जिला को 21-19, 21-18 से हराकर दोनों वर्गों खिताब जीता। वहीं पुरुष युगल के फाइनल में कछार ने डिब्रूगढ़ को 21-19, 21-18 जबकि महिला युगल के फाइनल में कछार ने हैलाकांदी को 21-18, 21-17 से हराकर खिताब जीता। लड़का-लड़की के रेगु व युगल में भी कछार को पहला स्थान मिला। लड़कों के रेगु वर्ग में डिब्रूगढ़ को दूसरा, असम पुलिस को तीसरा व हैलाकांदी को चौथा स्थान मिला। लड़कियों की रेगु वर्ग में डिब्रूगढ़ को दूसरा, हैलाकांदी को तीसरा व कामरुप को चौथा स्थान मिला। लड़कों के युगल वर्ग में डिब्रूगढ़ को दूसरा, हैलाकांदी को तीसरा व कार्बी आंग्लांग को चौथा स्थान मिला। लड़कियों की युगल वर्ग में हैलाकांदी को दूसरा, डिब्रूगढ़ को तीसरा व कामरुप जिला को चौथा स्थान मिला। प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में कछार के चाउलिल जबकि लड़कियों की वर्ग में कछार की ए प्रिया देवी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। शिवसागर के पवित्र नेउग व डिब्रूगढ़ की डिम्पी गोगोई को उदयीमान खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता के समापन समारोह में एडीजीपी डा.एलआर बिश्नोई मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिए। (खेसं)



गुवाहाटी: 36वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंडर-20 में 110 बाधा दौड़ के विजेताओं के साथ प्रतियोगिता निदेशक दिगंत सैकिया, असम ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विष्णुराम नुनिसा तथा आयोजक कमेटी के सचिव अशोक भराली

अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने नियम में बदलाव पर नाराजगी जताते

भारत शीर्ष पर चल रहा था लेकिन अब 68.3 अंक के साथ चौथे स्थान

अब तक कोई अंक हासिल नहीं किए हैं।

# यूपी की मुनिता ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

